ज्ञापांक....547..../अकादमी
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर, नालंदा।
राजगीर, दिनांक– 08/02/202

सेवा में,

निदेशक
सूचना एवं जन संपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषय– **बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित यूटिलिटी/प्रशासनिक भवन के कुल 10 दुकानों के निविदा संबंधी सूचना बिहार पुलिस की Website पर अपलोड करने तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग बिहार, पटना को प्रेषित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित यूटिलिटी/प्रशासनिक भवन के कुल 10 दुकानों के आवंटन हेतु टेन्डर की सूचना बिहार पुलिस की Website पर अपलोड करने तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग बिहार पटना को प्रकाशित किया जाना है। टेन्डर प्रपत्र तथा निर्देश की प्रति संलग्न है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि एतद् संबंधी सूचना आज ही बिहार पुलिस के Website पर अपलोड कराने तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग बिहार, पटना के माध्यम से कम से कम 03 राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाये। कृपया इसे प्राथमिकता दी जाये।

**अनु0–यथोपरि।**

विश्वासभाजन
8/2/2021
(प्राणतोष कुमार दास)
पुलिस उपमहानिरीक्षक–सह–उप –निदेशक
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

प्रतिलिपिः–1. पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।

8/2/2021
पुलिस उपमहानिरीक्षक–सह–उप –निदेशक
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

## विज्ञापन संख्या :–01 / 2021

## निविदा सूचना।

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर स्थित युटिलिटि/ प्रशासनिक भवन के कुल 10 दुकानों (निम्न वर्णित) का आवंटन किया जाना है। यूटिलिटि भवन के कुल 10 दुकानों को एकरारनामा के आधार पर 11 (ग्यारह) माह की अवधि के लिए आवंटित किया जाना है। एकरारनामाकर्त्ता को अकादमी द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता को पूर्ण करने की स्थिति में आवंटन अवधि में अधिकत्तम दो बार 11–11 माह के लिए विस्तार करने का अधिकार अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा हेतु दुकानों का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं0 | दुकान संख्या | दुकान का प्रकार | दुकान का क्षेत्रफल | किराया |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | किराना दुकान | 12X21= 252 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 2772 /-रू0 |
| 02 | 02 | मोबाईल तथा संबंधित पार्टस की दुकान | 11X08=88 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 968 /-रू0 |
| 03 | 03 | मेडिकल स्टोर्स | 10X08=80 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 880 /-रू0 |
| 04 | 04 | टेलरिंग दुकान | 10X10=100 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 1100 /-रू0 |
| 05 | 05 | फल एवं जूस दुकान | 11X09=99 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 1089 /-रू0 |
| 06 | 06 | पुलिस वर्दी युनिफार्मै सामग्री र्स्टोस | 22X20=440 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 4840 /-रू0 |
| 07 | 07 | फोटो एवं विडियोग्राफी दुकान | 20X11=220 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 2420 /-रू0 |
| 08 | 08 | गिफ्ट सामानों की दुकान | 23X17=391 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 4301 /-रू0 |
| 09 | 09 | लेडिज हेयर कटिंग सैलून | 23X17= 391 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 4301 /-रू0 |
| 10 | 10 | कैन्टीन प्रशासनिक भवन | 13X25=325 वर्ग फीट | 11 /- रू0 प्रति वर्ग फीट की दर से 3,575 /-रू0 |

**निविदा डालने की संक्षिप्त प्रक्रिया :–**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.03.2021 को 17:00 बजे तक । |
| 02 | तकनिकि बिड खोलने की तिथि एवं समय | 03.03.2021 को 11:00 बजे |
| 03 | वित्तिये बिड खोलने की तिथि एवं समय | 03.03.2021 को 14:00 बजे |

1. उक्त दुकान ग्यारह माह के अवधि हेतु आवंटित की जायेगी।
2. दिनांक–01.03.2021 के 17:00 बजे तक बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि होगी।

निविदा खोलने की तिथि को संबंधित निविदाकर्ता 11:00 बजे पूर्वाह्न तक निश्चित रूप से बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में भौतिक रूप से उपस्थित रहेंगे ।

4. निविदा में भाग लेने वाले निविदाकर्ता, निविदा खोलने की तिथि को बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में स्वयं उपस्थित रहेंगे अथवा प्राधिकृत व्यक्ति को भेज सकते है, जो अपना पहचान पत्र भी साथ में रखेंगे ।

5. निविदा प्रपत्र की राशि एवं जमानत की राशि की डी0डी0, पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के नाम भुगतेय हो। पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को निविदा के किसी शर्त को शिथिल करने/स्वीकृत करने/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है। यह निविदा सूचना एवं नियमावली अकादमी के वेवसाइट www.bpa.bihar.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।

6. आवेदक को दो अलग-अलग बन्द लिफाफा में तकनिकी बिड एवं वित्तीय बिड डालकर एक बड़ा लिफाफा में अपना आवेदन बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के आगत/ निर्गत शाखा में जमा करना होगा।

7. तकनिकी विड में सफल होने वाले उम्मीदवार का ही वित्तीय विड खोला जायेगा ।

8. निविदा में भाग लेने वाले उम्मीदवार निविदा खोलने की तिथि को एक इस आशय का शपथ-पत्र नॉन-जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर अपने साथ लायेंगे कि उन्हें पूर्व में अपनी सेवा देने के संबंध में ब्लैक लिस्टेड नही किया गया है ।

8/2/2021

पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक,
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

## बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर की परिसम्पति का अनुज्ञप्ति के आधार पर संचालन हेतु निविदा

लिफाफा नं0–1 प्रपत्र 'क'

<u>आवेदन पत्र का प्रपत्र</u>

पासपोर्ट साईज एक फोटो

1. दुकान संख्या एवं प्रकार
   (जिसके लिए आवेदन दिया जा रहा है)

2. आवेदक का नाम :
   (व्यक्ति / एंजेसी / फर्म इंडिभिजुअलः
   संबंधित कागजान की प्रतिलिपि संलग्न करें)

3. पिता का नाम :

4. वर्त्तमान एवं स्थाई पता :
   (दूरभाष सहित)

5. अनुभव / दक्षता :

### आवंटन की शर्त्त ( तकनिकि बिड ):–

1. सभी निविदाकर्त्ता को प्रपत्र के साथ दुकान / प्रतिस्ठान का जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं GST का अद्यतन छायाप्रति, पुलिस चरित्र सत्यापन रिपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
2. निविदाकर्त्ता को पूर्व सरकारी प्रतिष्ठानों / गैर सरकारी प्रतिष्ठान में सप्लाई / कार्य करने का अनुभव के बारे में देना चाहिए जो प्रपत्र की कंडिका–5 में भरें (अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)।
3. निविदाकर्त्ता को आयकर रिर्टन विगत तीन वर्षों का लगाना होगा।
4. निविदा में भाग लेने हेतु निविदाकर्त्ता को 1,000 / –(एक हजार) (Non-refundable) रूपये का पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर को भुगतेय बैंक ड्राफ्ट जो राजगीर स्थित किसी बैंक में भुगतान किया जा सके, जमा करना होगा।
5. फुड लाइसेंस प्रमाण पत्र की छायाप्रति(खाद्य–पदार्थ से संबंधित दुकानों के लिए)
6. निविदाकर्त्ता का अन्डरटेंकिंग :

- मेरे द्वारा निविदा नियमावली एवं अन्य नियम तथा शर्त्तें अच्छी तरह पढ़नें/समझनें के उपरांत यह आवेदन दिया जा रहा है। अकादमी द्वारा निर्धारित सभी नियमों/शर्त्तों के अनुसार आवंटित दुकान की संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करनें का आश्वासन देता हुँ।
- मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य/संलग्न अभिलेख तथा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं। निविदा में किसी स्तर पर गलत पाये जाने पर अकादमी यथोचित आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

र पुलिस अकादमी, राजगीर परिसर में स्थित युटिलिटि/ प्रशासनिक भवन के दुकानों के अवटंन की क्रिया एवं शर्ते निम्न प्रकार होंगीं :–

1. दुकान लेने वाले इच्छुक उम्मीदवार को विहित प्रपत्र में आवेदन देना होगा। आवेदन पत्र/प्रपत्र बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है तथा आवेदन पत्र/प्रपत्र अकादमी के वेवसाइड www.bpa.bihar.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। आवेदन निर्धारित तिथि के उपरान्त स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. आवेदन के साथ मो0 5000/–(पांच हजार) रूपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के पदनाम से राजगीर स्थित किसी भी बैंक शाखा में भुगतेय होगा जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ–साथ आवेदनकर्ता को अपना नाम, पता, मोबाइल नं0 लिखा हुआ लिफाफा, आवेदन के साथ जमा करना होगा।
3. आवंटित किये जाने वाले कुल–10(दस) दुकानों की संख्या एवं साइज(वर्ग फीट में) से संबंधित विवरणी पृष्ठ–01(एक) पर दृष्टव है।
4. दुकान का आवंटन तकनीकी एवं वित्तिय विड के आधार पर किया जायेगा । किराये की राशि का सुरक्षित जमा 11/–(ग्यारह) रूपये मात्र प्रति वर्ग फीट होगा। जिन निविदाकर्त्ता को दुकान का आवंटन नहीं हो सकेगा उनकी 5,000/–रू0 की राशि का बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा।
5. दुकान आवंटित होने पर प्रत्येक दुकान के लिए 02(दो) माह के किराया के बराबार राशि अग्रिम के रूप में ली जायेगी।
6. दुकान में बिजली उपभोग हेतु राशि सब–मीटर के आधार पर देय होगा।
7. दुकान आवंटित हो जाने के उपरांत यादि आवेदक द्वारा दुकान लेने से अनिच्छा दिखाई जाती है तो अग्रिम (जमानत) राशि नहीं दी जायेगी एवं उसे जब्त कर लिया जायेगा।
8. दुकान आवंटित होते ही अग्रिम राशि **पारा 5** के अनुसार आवंटित किये गये दुकान अनुसार आवेदक को जमा करना होगा। अन्यथा आवंटन रद्द कर दिया जायेगा।
9. मासिक किराया की गणना अग्रेजी कैलेण्डर की पहली तिथि से अन्तिम तिथि तक की जायेगी।
10. प्रत्येक माह के 05 तारिख तक किराये की राशि जमा करना होगा ।
11. आवंटनधारी को दुकान दखल में तभी दिया जायेगा जबकि वह निर्धारित प्रपत्र में एकरारनामा कर लेगा। जिसका स्टांप आदि का खर्च उन्हें स्वयं वहन करना होगा। एकरारनामा के लिए निर्धारित तिथि तक एकरारनामा नही करने पर अग्रिम जमानत राशि जप्त कर ली जायेगी ।
12. निविदाकर्त्ता तकनिकी बिड एवं वित्तीय बिड खोले जाने की निर्धारित तिथि व समय को निशिचत रूप से उपस्थित रहेंगे ताकि उनके समक्ष तकनिकी बिड एवं वित्तीय बिड खोला जा सकें।

8/2/2021

पुलिस उप महानिरीक्षक सह उप निदेशक,
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।